भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.09.2022

एमसीएफ में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 19.09.2022 से 24.09.2022 तक राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की शुरूआत महाप्रबंधक महोदय, श्री एस. एस. कलसी व वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर की गयी। पखवाडा के प्रारम्भ में महाप्रबंधक महोदय ने अन्य अधिकारियों के साथ **प्रतिविम्व पत्र** का विमोचन भी किया गया।

महाप्रबंधक महोदय, ने अपने सम्बोधन में कहा कि, राजभाषा के रूप में हिंदी को विकसित करने में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। हमारे आस–पास के रेलवे जोनों में हिंदी का अच्छा उपयोग होता है। हम भी राजभाषा की प्रगति के लिए कुछ ऐसा करे कि लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करे। **"हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगें"**

आज आरेडिका के विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा राजभाषा की **शब्द अनुवाद एवं पत्र लेखन** प्रतियोगता में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। राजभाषा अधिकारी संजय निगम ने बताया कि, आगे भी निबंध लेखन ,तकनीकी शब्दावली, प्रश्नोत्तरी, घरेलू कवि सममेलन एवं ,नाटकी मंचन आदि कार्यक्रमों का अयोजन होना है।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

19/9/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी